रिमझिम फुहारों के बीच तीज माता की सवारी निकाली



तीज माता की सवारी पूरे हर्ष उल्लास के साथ सिटी पैलेस से निकाली गई। शोभा यात्रा में आएसी व जैल बैंड की ओर से दी गई प्रस्तुतियों से वातावरण गुंजायमान हो गया। दर्शक भी तीज की सवारी देख झूमते हुए दिखाई दिए।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सिटी पैलेस स्थित जनाना ड्योढ़ी में तीज माता की पारंपरिक पूजा-अर्चना की।

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तीज महोत्सव की प्रदेशवासियों को शुभकामनायें और बधाई देते हुए कहा कि तीज महोत्सव राजस्थान की अनूठी पहचान है। बदलते समय के साथ हम नवाचार कर रहे है जिस से ना केवल पर्यटक आकर्षित हो बल्कि हमारी नयी पीढ़ी भी त्योहार को चाव से मनाये। इस बार मनाया गया तीज का उत्सव इसी का प्रतीक है कि बड़ी संख्या में जयपुर शहर वासियों ने तथा देशी-विदेशी पर्यटकों ने तीज माता की सवारी महोत्सव में सहभागिता की है। वहीं पर्यटन विभाग के द्वारा नवाचारों करते हुए इस बार विभागीय वैवसाइट व विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउन्ट्स पर लाइव स्ट्रीमिंग की गई है। जिससे बड़ी संख्या में दर्शकों ने घर बैठे ही सजीव प्रसारण देखकर तीज त्यौहार का आनंद लिया है।

सावन की रिमझिम फुहारों के बीच तीज की सवारी पूरे हर्ष उल्लास के साथ सिटी पैलेस से निकाली गई। इस बार शोभा यात्रा में आएसी व जैल बैंड द्वारा प्रस्तुतियों से वातावरण गुंजायमान हो गया। दर्शक भी तीज की सवारी देख झूमते हुए दिखाई दिए।

लोक कलाकारों द्वारा जनानी ड्योढ़ी, छोटी चौपड़ व ताल कटोरा तक मार्ग पर तथा मार्ग में बनाए गए मंचों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। जिसे देखकर दर्शक झूम गए और समूचे उल्लास व जोश के साथ एक-एक प्रस्तुति का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। ढोल नंगाड़ों की गूंज से सभी मन्त्रमुग्ध हो गए। लगातार हो रही रिमझिम में भी न तो दर्शकों का उत्साह कम हुआ और न ही कलाकारों कला प्रदर्शन का जूनून। कलाकारों ने एक एक से बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर वातावरण को अद्भुत

- **तीज महोत्सव राजस्थान की पहचान है, नयी पीढ़ी भी करें सहभागिता : दिया कुमारी**
- **लोक कलाकारों द्वारा जनानी ड्योढ़ी, छोटी चौपड़ व ताल कटोरा तक मार्ग पर तथा मार्ग में बनाए गए मंचों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी**

और भव्य बना दिया। शाही हाथी, सजे हुए ऊंट और उन पर सवार लंबी-लंबी मूँछ लहराते राजस्थानी वेशभूषा में पुरुष, घोड़े, शान से सजी हुई पालकिया, देवी देवताओं का रूप धारण किए हुए बहुरुपियों के साथ ही उछल कूद करते बन्दर रूपी बहुरुपिये दर्शकों में कोलाहल मचा रहे थे, कालबेलिया कलाकार, कच्छी घोड़ी, नर्तक, बैंड बाजों की स्वरलाहरियों के साथ लोक कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुति और आतिशबाजी के आयोजन ने सम्पूर्ण आयोजन को अद्वितीय बना दिया। पर्यटन विभाग द्वारा तीज माता की शोभायात्रा और अधिक यादगार बनाने के लिए पर्यटकों के लिए हिन्द होटल के समीप ही अन्य स्थानों पर भी बैठक व्यवस्था की गई। साथ ही तीज माता की शोभायात्रा पर ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा भी गई।

राजस्थान ही नहीं पूरे देश में तीज महोत्सव की धार्मिक मान्यता है और इसे हर्षोल्लास से मनाया जाता है, ऐसे में लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए प्रवासियों को भी तीज महोत्सव से जोड़ने का राजस्थान पर्यटन विभाग का यह शानदार प्रयास रहा।

पर्यटन विभाग की ओर से इस बार महोत्सव को और अधिक विस्तार दिया गया, जिसके आधार पर तीज की सवारी व सांस्कृतिक गतिविधियों को त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, अल्बर्ट हॉल व तालकटोरा पर एलईडी स्क्रीन्स लगाकर दिखाया गया।

पर्यटन विभाग द्वारा इस बार अल्बर्ट हॉल, हवामहल, सिटी पैलेस आदि मुख्य पर्यटक स्थलों पर सेल्फी पॉइंटस् भी बनाए गए। इन पॉइंटस् के जरिए शहरवासी और देशी-विदेश पर्यटक तीज महोत्सव की यादों को संजो कर रखने के लिए सेल्फी लेते हुए नजर आए।वैसे यह विदित है कि हरियाली तीज से देश-प्रदेश में त्यौहारों की शुरूआत होती है।

तीज महोत्सव की थीम तीज के रंग... राजस्थान के संग रखी गई है। इसके साथ ही विभाग द्वारा फोटो कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसके तहत 11 अगस्त तक विभाग के सोशल मीडिया अकाउन्ट्स पर प्रतिभागी तीज महोत्सव से जुड़ी पांच-पांच फोटो भेज सकेंगे। चुनिंदा फोटोग्राफ्स को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं तीज महोत्सव को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने के लिए विभाग तीज महोत्सव के दौरान इंफ्लेजुएर्स को भी बुलाया, उनकी नजरिए से भी तीज महोत्सव की रील्स पोस्ट की जाएगी। यह इंफ्लेजुएर्स तीज के रंग.. राजस्थान के संग थीम के साथ-साथ तीज के रंग.. घेवर के संग, तीज के रंग.. लहरिया के संग.... व तीज के रंग आभूषणों के संग आदि थीम को इस महोत्सव में शामिल किया है।

राज्यसभा की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव 3 सितम्बर को

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान में राज्य सभा की एक रिक्त सीट के उप चुनाव 3 सितम्बर को होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया 14 अगस्त को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी. मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य सभा उप चुनाव की प्रक्रिया राज्य विधानसभा परिसर में होगी।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञिप्त के अनुसार, के सी वेणुगोपाल के राज्य सभा की सदस्यता छोड़ने पर रिक्त हुए स्थान के लिए यह उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर सदस्यता का कार्यकाल 21 जून, 2026 तक रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप चुनाव के लिए 21 अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 22 अगस्त को होगी, जबकि 27 अगस्त तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर मतदान 3 सितम्बर को प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। मतगणना इसी दिन सायं 5 बजे से होगी। चुनाव प्रक्रिया 6 सितम्बर तक सम्पन्न कर ली जाएगी।

गौरतलब है कि राजस्थान सहित देश के 9 राज्यों में राज्य सभा की कुल 12 सीटों पर उप चुनाव सम्पन्न होने हैं। इनमें से 10 सीटें तत्कालीन सदस्यों के 18वीं लोक सभा का सदस्य चुने जाने और 2 सीटें सदस्यों के त्याग-पत्र देने के कारण रिक्त हुई हैं।

दुकानदार की हत्या का प्रयास करने वाले परिवार को सजा

जयपुर, (का.सं.)। जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-3 ने दुकानदार के साथ मारपीट कर उसकी धारदार हथियार से वार का हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त मोहनलाल, उसकी पत्नी दुर्गा देवी और बेटे जीतू व पूरण को पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने चारों अभियुक्तों पर कुल 34 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि परिवादी सीताराम भगत ने 29 मार्च, 2017 को बगरू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि गंगा माता का बाजार में उसकी प्रसाद बेचने की दुकान है। वहीं पास ही मोहनलाल भी अपनी दुकान पर प्रसाद बेचने का काम करता है। दोपहर करीब 12 बजे प्रसाद बेचने की बात पर उसका मोहनलाल से झगडा हो गया था। इसके बाद वह अपने चाचा मनोहर लाल को दुकान पर बैठा कर बैंक चला गया। इसके कुछ देर बाद अभियुक्त मोहन लाल, दुर्गा देवी और जीतू व पूरण उसकी दुकान पर आए और चाचा से मारपीट करने लगे। अभियुक्तों ने लाठी और लोहे की रॉड से मारपीट कर चाचा को घसीटकर बीच रोड ले आए। इस दौरान परिवादी के परिजन बीच बचाव करने आ गए। जिससे रामकिशन और महेश के सिर में चोट लगी। वहीं अभियुक्त जीतू ने खजूर काटने के दांतले से चिरंजीलाल के पेट में वार किया। आई।

दुष्कर्मी को सजा

जयपुर, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ करीब एक माह तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त रजनी बर्मन को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने प्रकरण में सहयोग करने के आरोप से अभियुक्त की बहन को दोषमुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महर्षि ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता की मां ने 18 अप्रैल, 2023 को अशोक नगर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के विकास के लिए बिजनेस प्रमोशन सम्मेलन आज

- **मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे जबकि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मुख्य अतिथि होंगे**
- **1 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए गेल के साथ होगा एमओयू**

जयपुर। राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य में अक्षय ऊर्जा के विकास तथा इससे संबंधित स्टेक होल्डर्स को एक मं प्रदान करने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग द्वारा गुरूवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन सम्मेलन-2024 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अध्यक्षता करेंगे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने बताया कि इस सम्मेलन में अक्षय ऊर्जा परियोजना से संबंधित स्टेक होल्डर्स विशेषकर विकेन्द्रित अक्षय ऊर्जा के डवलपर्स वित्तीय संस्थानों, ईपीसी वेण्डर, सोलर उपकरणों के निर्माता आदि मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम तथा केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के मध्य धौलपुर में 330 मेगावाट व रामगढ में 270.5 मेगावाट गैस आधारित बिजली संयंत्रों को पर्याप्त मात्रा में गैस की उपलब्धता सुनिश्ति करते हुए कुशल एवं उपयुक्त क्षमता पर संलन हेतु हस्तान्तरण करने की संभावनाओं को तलाशने के लिए और 750 मेगावाट सौर व 250 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाओं को संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विकसित करने के लिए एमओयू किया जायेगा। इसके माध्यम से राज्य में 4200 करोड़ का निवेश होगा।

राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। राज्य में कुसुम योजना के माध्यम से किसानों को दिन में ही सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए सौर संयंत्र, पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से रूफटॉप सोलर स्थापित किए जा रहे है। सम्मेलन में ऊर्जा विभाग, विद्युत वितरण कम्पनियों तथा अक्षय ऊर्जा निगम जैसे निगमों के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित स्टेक होल्डर्स को एक प्लेटफार्म उपलब्ध हो सकेगा।

सम्मेलन में लगभग 700 प्रतिभागी विभिन्न तकनीकी सत्रों में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, नवीनतम तकनीक तथा इसे आमजन तक सुलभ कराने से संबंधित विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ उठा सकेंगे।

रीढ़ की हड्डी की विकृति से ग्रसित अभ्यर्थी का पुन: मेडिकल करवा नियुक्ति देने के आदेश

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह लैब टेक्नीशियन भर्ती-2023 में रीढ़ की हड्डी की विकृति से ग्रसित अभ्यर्थी का पुन: मेडिकल कराए। यदि वह मेडिकल में भर्ती के लिए योग्य पाया जाता है तो उसे नियुक्ति दी जाए। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश नितिन कुमार पारीक की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की ओर से 31 मई, 2023 को लैब टेक्नीशियन के 1688 पदों के लिए भर्ती निकाली थी। जिसमें दिव्यांग के लिए 67 पद आरक्षित रखे गए। याचिकाकर्ता ने भर्ती में दिव्यांग वर्ग के लोकोमोटर श्रेणी में आवेदन किया था। वहीं भर्ती में चयन के बाद उसकी नियुक्ति यह कहते हुए रद्द कर दी गई कि याचिकाकर्ता रीढ़ की हड्डी की विकृति से ग्रस्त है और पद केवल लोकोमोटर श्रेणी के लिए ही आरक्षित रखे गए हैं। ऐसे में उसका चयन दिव्यांग वर्ग में नहीं किया जा सकता। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि रीढ़ की हड्डी में विकृति के कारण वह एक पांव से लंगड़ा कर चलता है। इसके अलावा उसके पास दिव्यांग प्रमाण पत्र भी है। इसलिए उसे चयन से वंचित नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता का पुन: मेडिकल कराने और भर्ती के लिए योग्य होने पर नियुक्ति देने को कहा है।

'कांग्रेसी नेताओं द्वारा महिलाओं पर की गई टिप्पणी निंदनीय'

जयपुर। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अलका गुर्जर ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा महिलाओं पर की कई टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राजस्थान विधानसभा में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मंत्री द्वारा महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी अशोभनीय और निंदनीय है। कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री की टिप्पणी कांग्रेसी नेताओं की घटिया सोच और मानसिकता को दर्शाता है। महिलाओं को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेसी विधायकों के नैतिक मूल्यों का भी स्तर पता चल रहा है।

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, इसमें कांग्रेसी नेताओं द्वारा महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है और ठहाके मारे जा रहे हैं। वायरल वीडियो में कांग्रेसी विधायक बोल रहे हैं कि "जिसको बड़ा नेता बनाना है, वह दबाएंगी पैर"। इस बयान से कांग्रेसी नेताओं के नैतिक पतन की हकीकत भी सामने आ रही है। यह पहला मामला नहीं है, जब कांग्रेसी नेताओं द्वारा महिलाओं का अपमान किया गया हो। इससे पहले भी कांग्रेसी नेताओं द्वारा महिला अपराध बढ़ने पर सदन में राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताया था। प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में ही महिलाओं पर अत्याचार मामलों में राजस्थान पहले पायदान पर पहुंच गया था।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मुख्यमंत्री मा वाउचर योजना का प्रदेश में आज शुभांरभ करेंगे

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सम्पूर्ण प्रदेश में मां वाउचर योजना का शुभारम्भ करेंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में शुरू हो रही इस योजना से दूर दराज के क्षेत्रों में भी गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा मिल सकेगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा की अनुपालना में दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच सेवा उपलब्ध करवाने के लिए मां वाउचर योजना अब सम्पूर्ण प्रदेश में लागू होगी। इस योजना के माध्यम से राजकीय सोनोग्राफी केन्द्रों के साथ-साथ निजी सोनोग्राफी केन्द्रों पर भी नि:शुल्क सोनोग्राफी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। सिंह ने बताया कि पूर्व में 8 मार्च को इस योजना की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तीन जिलों-बारां, भरतपुर एवं फलौदी में की गई थी।

हरियाली तीज पर शिक्षा संकुल में कर्मचारियों ने किया पौधारोपण



जयपुर। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत बुधवार को डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जेएलएन मार्ग, जयपुर में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर एवं सुरेश कुमार बुनकर सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर ने सर्वप्रथम पौधा लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही महिला अधिकारी-कर्मचारियों ने भी अग्रणी रहकर उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत फलदार एवं छाया देने वाले पौधे लगाए गए।

25 हजार गांवों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ा जायेगा : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चौथे चरण में देश के 25 हजार गांवों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से पिछले पांच सालों में देशभर के 8848 गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का कार्य किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने ग्रामीण आबादी को सड़कों से जोड़ने के संबंध में राज्यसभा में सवाल लगाया था, इसके जवाब में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने सदन में यह जानकारी दी हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 2019 तक पीएमजीएसवाई योजना के तहत देशभर में 1 लाख 53 हजार 879 पात्र ग्रामों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य किया। इसके बाद 2019 से 2024 के बीच 8848 ग्रामों को इस योजना के तहत सड़क मार्ग से जोड़ने का काम किया है। इन पांच सालों में 664 पात्र ग्रामों को सड़क मार्ग से जोड़ने से वंचित रखा गया। इसमें भी मुख्य कारण राज्य सरकार की ओर से जमीन उपलब्ध नहीं करना या फिर एनओसी जारी नहीं करना सामने आया है। पीएमजीएसवाई योजना के तहत केंद्र सरकार ने 500, 250 और 100 जनसंख्या वाले गांवों को क्षेत्र के अनुसार वर्गीकृत कर सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाई थी। अब 25 हजार गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मुख्य सड़क मार्ग से जोड़कर ग्रामवासियों को नई सौगात दी जाएगी।

आम सूचना हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री लक्ष्मीनारायण राजपाल पुत्र श्री स्व. श्री छेल बिहारी राजपाल जरिये इकरारनामा एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर समिति कार्यालय मे डुप्लीकेट पट्टा, रसीद एवं साईड प्लान जारी करने हेतु आवेदन किया है। जिसमें समिति द्वारा श्री रामबरन पाल पुत्र श्री सरदार पाल भूखण्ड संख्या 13-बी-II क्षेत्रफल 208.33 वर्गगज योजना कान्ता कॉलोनी, सोडाला के मूल पट्टा, रसीद एवं साईड प्लान गुम होना बताते हुये पुलिस सदर जयपुर में गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज की है। अतः भूखण्ड के डुप्लीकेट पट्टा, रसीद एव साईड प्लान जारी करने के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था को कोई एतराज एवं आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर समिति कार्यालय में सम्पर्क करें। बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र एतराज मान्य नहीं होगा एवं डुप्लीकेट पट्टा रसीद एवं साईड प्लान प्रपत्र जारी कर दिये जायेंगे।
जलमहल हाऊसिंग कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी लि.
जयपुर रजि. नं. 2842/एल

कार्यालय उपायुक्त (विधाधर नगर जोन) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
क्र.- एफ 55( )वि.जोन/न.नि.ज.(ग्रे)/2024/1219
सार्वजनिक सूचना दिनांक 26.07.2024
भूखण्ड स. 65ए, रामनगर-डी, झोटवाडा, जयपुर (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति) भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा श्रीमान रामलाल सैनी पुत्र श्री बाबूलाल सैनी जी को क्षेत्रफल 116 वर्गगज का आवंटन जारी किया था। मूल आवंटी द्वारा जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री सुदर्शन जैन पुत्र स्व. श्री मदनलाल जी जैन एवं श्रीमती रेणू जैन धर्मपत्नि श्री सुदर्शन जैन को बेचान कर दीया गया। श्री सुदर्शन जैन पुत्र स्व. श्री मदनलाल जी जैन एवं श्रीमती रेणू जैन धर्मपत्नि श्री सुदर्शन जैन द्वारा भूखण्ड स. 65ए, रामनगर-डी, झोटवाडा, जयपुर (भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति) का पट्टा चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के पट्टा बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पट्टे की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त विधाधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री लोकेश कुमार एवं श्रीमती मधु देवी पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह, निवासीगण ग्राम नगला हरसुख, पोस्ट बिजवारी, तहसील वैर जिला भरतपुर (राज.) जिनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर 19, योजना शिव विहार, ग्राम मानपुर देवरी उर्फ गोल्यावास, तहसील सांगानेर जिला जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 103.00 वर्गगज स्थित है। जो कि उक्त अचल सम्पत्ति का पट्टा विलेख जेडीए जयपुर द्वारा श्री जितेन्द्र राजपुरोहित पुत्र श्री अमर सिंह राजपुरोहित के हित में जारी किया गया था जो कि पंजीबद्ध किया हुआ है तत्पश्चात श्री जितेन्द्र राजपुरोहित पुत्र श्री अमर सिंह राजपुरोहित ने अपनी उक्त अचल सम्पत्ति का विक्रय श्रीमती शान्ति पत्नी श्री मोहन सिंह के हित में विक्रय कर दिया जो कि पंजीबद्ध किया हुआ है तत्पश्चात श्रीमती शान्ति पत्नी श्री मोहन सिंह ने जेडीए जयपुर से उक्त अचल सम्पत्ति का नाम हस्तान्तरण पत्र क्रमांक जविप्रा/उपा./पीआरएन (दक्षिण-द्वितीय)/2022/डी-2055 दिनांक 07.02.2022 प्राप्त कर लिया तत्पश्चात श्रीमती शान्ति पत्नी श्री मोहन सिंह ने अपनी उक्त सम्पूर्ण अचल सम्पत्ति को अपनी पुत्रवधुओं श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री लोकेश कुमार एवं श्रीमती मधु देवी पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह उक्त अचल सम्पत्ति की एकमात्र मालकिन स्वामीनी एवं काबिज हुई है उक्त अचल सम्पत्ति के मूल दस्तावेजों में से जेडीए जयपुर द्वारा जारी उक्त मूल नाम हस्तान्तरण पत्र क्रमांक डी-2055 दिनांक 07.02.2022 कहीं खो गया है जो आज दिवस तक मिला नहीं है तथा जिसके सम्बन्ध में मेरी मुवक्किल के ससुर श्री मोहन सिंह पुत्र श्री सुक्की राम द्वारा राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर एक गुमशुदगी रिपोर्ट दिनांक 08.05.2024 को दर्ज करवाई गई थी जिसका एलआर नम्बर 2298695/2024 है मेरी मुवक्किल उक्त अचल सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु उक्त सम्पत्ति को एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में बंधक रखना चाहती है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी। दिनांक-06.08.2024 (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट मोबाईल-9829218044

उत्तर पश्चिम रेलवे
सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना
भण्डार विभाग ई-प्रोक्यारेमेंट के द्वारा
निविदा सूचना संख्या: S/52/NWR/AII/2024/04 **दिनांक:** 06.08.2024. वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित ई-निविदाएँ www.ireps.gov.in वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/ संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैनूअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इन निविदाओं के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **(1) निविदा सं.:** 52245593, **मद का विवरण:** Hysteroscopic set with Accessories, as per Specification No-5036787 **संशोधित मद का विवरण:** Revised Annexures for technical specification of Hysteroscopic set with Accessories as per revised specification no- 5058511. Required specification has been attached in lieu of existing annexures. **मात्रा:** 1 Nos. **यूनिट:** नग **खुलने की तिथि:** 20.08.2024 व 14:25 बजे तक. इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर सामग्री का पूरा विवरण/ स्पेसिफिकेशन/ बयाना राशि/ निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते हैं। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्टर्ड करें। **(2)** 25 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें। 925-DK/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-3344 दिनांक-07/08/24
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/643 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री विश्वेश कुमार जैन पुत्र श्री बाबूलाल जैन को किया आकर आवंटन पत्र क्रमांक 6223 दिनांक 21.10.2003 को जारी किया गया। श्री महेश चन्द खण्डेलवाल पुत्र श्री सोहन लाल खण्डेलवाल के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 951/1270 दिनांक 17.05.2013 के द्वारा किया गया। श्री महेश चन्द खण्डेलवाल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 13.06.2013 को उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री महेश चन्द खण्डेलवाल द्वारा श्री कमलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री इन्द्र मल गुप्ता को दिनांक 24.07.2019 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री कमलेश कुमार गुप्ता द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 24.10.2019 के द्वारा श्री राजेश वासु पुत्र श्री के. सी. वासु को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री राजेश वासु द्वारा श्रीमती रचना गर्ग पत्नी श्री मनोज कुमार गर्ग को दिनांक 06.04.2023 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती रचना गर्ग द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 22.09.2023 के द्वारा श्री भूपेन्द्र बंसल पुत्र श्री महेश चन्द बंसल को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / व्यवसाय को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री भूपेन्द्र बंसल पुत्र श्री महेश चन्द बंसल का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज आवा मण्डल, जयपुर

खोया पाया
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हर्षित जाँगिड़ पुत्र सुनिल कुमार जाँगिड़ की कक्षा 10वीं की अंक तालिका रोड़ नं. क्रमांक 11143525 कहीं गुम हो गई है। यदि किसी सज्जन को मिले तो 7863874138 पर सूचित करें।

मेरे भूखण्ड सं. 8 (व्यावसायिक) 160 फीट सेक्टर रोड जीरोता बास जीरोता, चक सालिगरामपूरा, सिरोली का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन पत्र व आरक्षण पत्र कहीं गुम हो गया है सूचित करें-लवली बसंदानी मो.

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर मुख्य सिविल न्यायाधीश महोदय क्रम-1 श्रीमाधोपुर
रामनाथ विरूद्ध कजोड वगैरह
वाद बाबत-दावा/T.I.(टी.आई.)
वाद सं. 10/24
1. सोनू पुत्री सोहन जाति नट गैर हिन्दु निवासी शनिश्चर जी के मंदिर के पास, ग्राम जाजोद तह. खण्डेला जिला सीकर हाल आबाद ग्राम फागी रेनवाल जिला जयपुर, 2. मायरी पुत्री चिरंजीलाल, खातूनी पुत्री भगवाना जाति नट गैर हिन्दु निवासी शनिश्च